

02

मेहंदी प्रतियोगिता में अर्चना व मास्टर शेफ में चारूल प्रथम

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

विद्या की देवी की आराधना अच्छा शगुन: राजेश नागर



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 03 मार्च 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-फाल्गुन, शुक्ल पक्ष एकादशी/द्वादशी, मूल्य, 2.00 रुपए

## अग्रवाल कॉलेज की टीम ने जीती ट्रॉफी

**बल्लभगढ़।** डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ की एक टीम ने भाग लिया। बीएससी कक्षा के तीन छात्र दीपक, सुदेशना और यश वर्मा ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया है। कुल 8 टीमों ने भाग लिया और उस प्रतियोगिता में अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र-छात्राओं को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी है और उनकी मेहनत की सराहना की है। सभी छात्र अध्यापक डॉ. संजीव गुप्ता और रविंदर जैन से प्रेरित है।